

नवभारत 08
सतना, गुरुवार, 29 जनवरी 2026

# न्यूजीलैंड ने खोला जीत का खाता

## चौथा टी20 : शिवम दुबे की मेहनत पर पानी फिरा



**विशाखापत्तनम, 28 जनवरी . न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए चौथे टी20 मैच को अपने नाम किया। बुधवार को कीवी टीम ने भारत के खिलाफ मैच 50 रन से अपने नाम करते हुए सीरीज में आखिरकार जीत का खाता खोला। हालांकि, टीम इंडिया सीरीज पर पहले ही अपना कब्जा कर चुकी है।**

टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी कीवी टीम ने सलामी जोड़ी के बीच शतकीय साझेदारी के दम पर 7 विकेट खोकर 215 रन बनाए। डेवोन कॉन्वे ने टिम सीफर्ट के साथ 8.2 ओवरों में 100 रन की साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने महज 8.1 ओवरों में टीम को शतक तक पहुंचाया। यह भारतीय सरजमीं पर टी20 फॉर्मेट में टीम इंडिया के खिलाफ किसी टीम का सबसे तेज शतक भी रहा। कॉन्वे 23 गेंदों में 3 छक्कों और 4 चौकों के साथ 44 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद सीफर्ट ने मोर्चा संभालने की कोशिश की। उन्होंने 36 गेंदों में 62 रन जुटाए। सीफर्ट की इस पारी में 3 छक्के और 7 चौके शामिल रहे।

यहां से ग्लेन फिलिप्स ने 24 रन, जबकि डेरिल मिचेल ने 18 गेंदों में 39 रन की नाबाद पारी खेलते हुए टीम को 215/7 के स्कोर तक पहुंचाया। भारत की तरफ से अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट अपने नाम किए, जबकि जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई ने 1-1 विकेट हासिल किया।

इसके जवाब में भारतीय टीम 18.4 ओवरों में महज 165 रन पर सिमट गई। टीम इंडिया ने पहली ही गेंद पर अभिषेक शर्मा (0) का विकेट खो दिया था। कुछ देर बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव (8) भी पवेलियन लौट गए। यहां से रिंकू सिंह ने संजू सैमसन के साथ तीसरे विकेट के लिए 28 गेंदों में 46 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला।

> संजू ने 15 गेंदों में 4 बाउंड्री के साथ 24 रन जुटाए, जबकि रिंकू 30 गेंदों में 2 छक्कों और 3 चौकों के साथ 39 रन बनाकर पवेलियन लौटे। मेजबान टीम 82 के स्कोर तक 5 विकेट खो चुकी थी। यहां से शिवम दुबे ने हर्षित राणा (9) के साथ 27 गेंदों में 63 रन की साझेदारी करते हुए भारत की हार के अंतर को कम करने में अहम भूमिका निभाई। दुबे ने महज 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जिसके साथ वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तीसरे सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले भारतीय बन गए। दुबे दुर्भाग्यवश 65 के निजी स्कोर पर रन आउट हुए।

# आई-लीग को अब इंडियन फुटबॉल लीग के नाम से जाना जाएगा



**नयी दिल्ली, 28 जनवरी. आई-लीग नए फॉर्मेट के लिए तैयार है. क्लबों ने नाम बदलकर इंडियन फुटबॉल लीग करने का प्रस्ताव दिया है एआईएफएफ की कार्यकारी समिति से 2025-26 सीज़न के लिए संशोधित प्रतियोगिता फॉर्मेट और गवर्निंग काउंसिल और प्रबंध समिति की पुष्टि को मंजूरी देने के लिए कहा गया है.**

आई-लीग के लिए प्रस्तावित भागीदारी और शासन ढांचे की रूपरेखा तैयार करने के बाद, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने मंजूरी के लिए अपनी कार्यकारी समिति के सामने आई-लीग के प्रमुख मामलों को रखकर अगला औपचारिक कदम उठाया है. यह लीग 21 फरवरी से शुरू होगी. क्लबों के पास अपनी भागीदारी फीस जमा कराने के लिए दो फरवरी तक का समय होगा.

आईएएफएफ के उप सचिव एम सत्यनारायणन ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मलेन में यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि भारत के दूसरे डिवीजन फुटबॉल कॉम्पिटिशन, आई-लीग का यह सीजन 21 फरवरी से शुरू होगा.यह सीज़न दो-स्टेज फॉर्मेट (लीग स्टेज और चैंपियनशिप/रेलीगेशन राउंड) में खेला जाएगा, जैसा कि 2020-21 और 2021-22 कैंपेन में देखा गया था. लीग स्टेज में, सभी हिस्सा लेने वाले क्लब सिंगल लेग राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में खेलेंगे, जिसके बाद टॉप छह टीमें चैंपियनशिप राउंड में जाएंगी, जबकि नीचे की छह टीमें रेलीगेशन राउंड में जाएंगी. क्लबों ने आई-लीग का नाम बदलकर इंडियन फुटबॉल लीग करने का भी प्रस्ताव दिया है, जिसे ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन से मंजूरी लेनी होगी.

### एक नजर में

## सिनर ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

**मेलबर्न.** इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने बुधवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में अमेरिका के बेन शेल्टन को आसानी से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली. आज यहां खेले गये क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन सिनर ने शेल्टन के खिलाफ कभी भी मुश्किल में नहीं दिखे. उन्होंने आठवें सीड शेल्टन को 6-3, 6-4, 6-4 से हराकर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की. शेल्टन ने अपने तीसरे ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने के रास्ते में सिर्फ एक सेट गंवाया था, लेकिन वह इटैलियन खिलाड़ी के खिलाफ अपना विस्फोटक खेल दिखाने में नाकाम रहे. सिनर ने शेल्टन के बैकहैंड की कमजोरी का फायदा उठाया. इन दोनों के बीच हुए सभी चार बड़े मुकाबले अब सिनर के पक्ष में गए हैं. सिनर ने दो बार ऑस्ट्रेलिया में और दो बार विंबलडन में शेल्टन के खिलाफ जीत दर्ज की हैं. अपने नौवें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल और ऑस्ट्रेलियन ओपन में तीसरे सेमीफाइनल में, चार बार के मेजर चैंपियन सिनर का अगला मुकाबला रिकॉर्ड 10 बार के विजेता नोवाक जोकोविच से होगा.





## टी 20 रैंकिंग में भारतीय सितारों का दबदबा

**दुबई.** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में अपने खिताब को बचाने से पहले भारत को एक सही समय पर बढ़ावा मिला है, क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद उनके कई प्रमुख खिलाड़ियों ने नवीनतम पुरुष टी20 प्लेयर रैंकिंग में अपनी छलांग लगाई है. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की वेबसाइट के अनुसार, सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की है, पांच मैचों की सीरीज के पहले तीन मैचों में दो अर्धशतक लगाने के बाद उन्होंने अपनी बढ़त को 80 रेटिंग अंकों तक बढ़ा दिया है. अब इस बाएं हाथ के बल्लेबाज के पास 929 रेटिंग अंक हैं, जो पिछले साल एशिया कप के दौरान हासिल किए गए अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 931 अंकों से सिर्फ दो कम हैं. इंग्लैंड के फिल साल्ट उनके सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी बने हुए हैं, जबकि तिलक वर्मा तीसरे स्थान पर हैं.

## मोईन ने घरेलू क्रिकेट से संन्यास वापस लिया

**लाहौर.** ऑफ स्पिन ऑलराउंडर मोईन अली ने घरेलू क्रिकेट से संन्यास का अपना फैसला वापस ले लिया है और वह आगामी टी-20 ब्लास्ट में यॉर्कशायर के लिए खेलेंगे. क्लब ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि मोईन अली ने 2026 सीजन के लिए केवल ब्लास्ट के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किये है. इसे 2027 तक भी बढाया जा सकता है. मोईन ने 420 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 7,792 रन बनाए हैं और 271 विकेट लिए हैं. अपने फैसले को लेकर मोईन ने कहा, मैं ब्लास्ट के लिए यॉर्कशायर से जुड़कर बहुत खुश हूं. यह एक बहुत बड़ा क्लब है जिसका गौरवशाली इतिहास है, लेकिन जो बात मुझे सबसे अधिक पसंद आई, वह यह है कि टीम किस दिशा में जा रही है. उन्होंने कहा, टीम में बहुत टैलेंट है और एंथनी के साथ काम करने और ग्रुप को आगे बढ़ाने में मदद करने का मौका मेरे लिए रोमांचक है. मुझे हमेशा हेडिंग्ले में खेलना पसंद आया है. विकेट, माहौल और सपोर्टर्स इसे एक खास जगह बनाते हैं.



# इंग्लैंड को 3 साल बाद मिली विदेश में जीत



**कोलंबो, 28 जनवरी. हैरी ब्रूक (नाबाद 136) और जो रूट (नाबाद 111) की आतिशी शतकीय पारियों और इसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे में 53 रन से जीत दर्ज की और सीरीज भी अपने नाम कर ली.**

यह तीन साल में पहली बार है जब इंग्लैंड ने विदेश में द्विपक्षीय एकदिवसीय सीरीज जीती. इंग्लैंड के कप्तान ने सोमवार शाम को टॉस से पहले ही सीरीज के लिए तैयार की गई पिचों पर खुलेआम आलोचना करते हुए इसे घटिया बताया था. श्रीलंकाई कप्तान चरित असलंका ने कूटनीतिक तरीके से जवाब देते हुए कहा था कि उनकी राय ब्रूक के आकलन से अलग हो सकती है.

> इंग्लैंड के लिए पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही. बेन डकेट जल्दी आउट हो गए, उन्होंने धनंजय डी सिल्वा की गेंद पर रिवर्स-स्वीप करके मात्र सात रन बनाकर पॉइंट पर कैच दे दिया, जबकि रेहान अहमद की 24 रन की अच्छी पारी तब खत्म हो गई जब उन्होंने वानिंदु हसरंगा की शॉर्ट गेंद पर मिडविकेट पर कैच दे दिया. 11वें ओवर में 40 के स्कोर पर दो विकेट गंवाने के बाद बल्लेबाजी करने आये जो रूट ने जैकब बेथेल के साथ पारी को संभाला. बेथेल ने 72 गेंदों पर 65 रन बनाकर रूट के साथ एक महत्वपूर्ण 126 रन की तीसरी विकेट की साझेदारी करके टीम को संभाला. बेथेल के जेफरी वेंडरसे की गेंद पर डीप मिडविकेट पर आउट होने के बाद, ब्रूक ने तूफानी बल्लेबाजी शुरू कर दी.



## जेमिमा पर 12 लाख का जुर्माना

**वडोदरा, 28 जनवरी. दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स पर गुजरात जायंट्स (जीजी) के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है.**

वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में खेले गये इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स महिला टीम को जीजी के खिलाफ तीन रन से हार मिली थी. इसी लिये रॉड्रिग्स पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है. यह जेमिमा का पहला धीमा ओवर गति उल्लंघन था, जिसके लिए उन पर 12 लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया. पिछले हफ्ते लगातार दो जीत के बाद, रोड्रिग्स की टीम प्लेऑफ की रेस में थोड़ी पिछड़ गई क्योंकि उन्हें जायंट्स से तीन रन से हार का सामना करना पड़ा. यह तब हुआ जब उन्होंने 174/ 9 रन दिए, जिसमें से 20वें ओवर में 15 रन आए. लक्ष्य का पीछा करने की उनकी शुरुआत खराब रही. फिर सातवें विकेट की साझेदारी ने उम्मीद जगाई और मैच को आखिर तक खींच लिया.

# अंडर-19 विश्वकप में ओलिवर पीक का शतक



**हरारे, 28 जनवरी. ओलिवर पीक (109) की शतकीय और नितेश सैमुअल की (58) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को अंडर-19 विश्वकप सुपर सिक्स 1 मुकाबले में वेस्टइंडीज के खिलाफ सात विकेट पर 314 रनों का चुनौतीपूर्ण स्को खड़ा किया.**

वेस्टइंडीज की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए विल मलाजुक और नितेश सैमुअल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 73 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत की. नौवें ओवर में आरजई गिटेंस ने विल मलाजुक को आउटकर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई. विल मलाजुक ने 30 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 48 रन बनाये. स्टीव होगन चार रन बनाकर दूसरे विकेट के रूप में आउट हुये. 28वें ओवर में विटेल लॉज ने नितेश सैमुअल को आउटकर वेस्टइंडीज को तीसरी सफलता दिलाई. नितेश सैमुअल ने 74 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 56 रनों की पारी खेली. इसके बाद एलेक्स ली यंग (45), जेडेन ड्रेपर (29) और आर्यन शर्मा दो रन बनाकर आउट हुये.





## राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप में भिड़ेंगी 70 टीमें

**नई दिल्ली,28 जनवरी. 27 राज्यों, पांच केंद्र शासित प्रदेशों और तीन एसोसिएट सदस्य संघों की कुल 70 टीमें (35 बालक और 35 बालिका) 31 जनवरी से 4 फरवरी तक हरियाणा के कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाली 35वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप 2025-26 में हिस्सा लेंगी.**

प्रतियोगिता में लगभग 1100 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं. केंद्रीय शासित प्रदेशों में पुडुचेरी, लद्दाख, दादरा एवं नगर हवेली, चंडीगढ़ और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं, जबकि मध्य भारत, कोल्हापुर और विदर्भ की टीमें भी प्रतियोगिता में खेलेंगी. कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में यह चैंपियनशिप चार मैदानों पर आयोजित होगी, जिसमें तीन मैट मैदान शामिल हैं. यह लीग-कम-नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी, जिसमें पहले तीन दिनों में 120 मुकाबले होंगे.

**इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस** ▶ देश के लॉन्ग-टर्म विजन और 2036 के समर ओलंपिक खेलों की तैयारी

# साई सेंटर करेगा ग्रासरूट्स टू ग्रेटनेस की मेजबानी





**पटियाला, 28 जनवरी. नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स, पटियाला, जो स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तहत स्पोर्ट्स कोचिंग और स्पोर्ट्स साइंस एजुकेशन के लिए देश का सबसे बड़ा संस्थान है.**

6-7 फरवरी, 2026 को ग्रासरूट्स टू ग्रेटनेस: टैलेंट आइडेंटिफिकेशन एंड एथलीट डेवलपमेंट नाम से एक इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित कर रहा है, जो देश के लॉन्ग-टर्म विजन और 2036 के समर ओलंपिक खेलों की तैयारी के साथ जुड़ा हुआ है. यह प्रतिष्ठित कॉन्फ्रेंस साई एनएसएनआईएस पटियाला द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-2025 में शुरू की गई सालाना इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की परंपरा को जारी रखती है. पहली कॉन्फ्रेंस, हार्मनाइजिंग मूवमेंट- इंटीग्रेटिंग योगा विद स्पोर्ट्स साइंस फॉर पीक परफॉर्मेंस, को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी. उस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, आने वाला एडिशन वैज्ञानिक, समग्र और टिकाऊ तरीकों के माध्यम से भारत के एथलीट विकास इकोसिस्टम को मजबूत करने पर केंद्रित है.

> इस कॉन्फ्रेंस में पूरे भारत से 550 से ज्यादा प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है, जिनमें कोच, स्पोर्ट्स वैज्ञानिक, प्रशासक, शिक्षाविद और छात्र शामिल हैं, साथ ही 30 जाने-माने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ भी होंगे, जो इसे देश में खेल विकास के क्षेत्र में सबसे बड़े ज्ञान-साझाकरण प्लेटफार्मों में से एक बनाता है.



## देश में खेलों का हो रहा अभूतपूर्व विकास : मुर्मु

**नयी दिल्ली.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि देश के युवाओं और सरकार के साझा प्रयासों से देश में खेलों का अभूतपूर्व विकास हो रहा है. मुर्मु ने बुधवार को बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा, भारत के युवाओं और मेरी सरकार के साझा प्रयासों से देश में खेलों का भी अभूतपूर्व विकास हो रहा है. जिस प्रकार हमारी बेटियों का और हमारे दिव्यांग साथियों का प्रदर्शन रहा है, वह शानदार है. भारत की महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्व कप जीता है.